# संक्षिप्त सार

## एम.एस. इवेंट का वार्षिक स्टार अवार्ड-2021 समारोह का आयोजन 7 मार्च को

**नई दिल्ली।** विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिष्ठित संस्था एम एस इवेंट्स द्वारा वार्षिक स्टार अवार्ड 2021 सम्मान समारोह का आयोजन रविवार 7 मार्च को नई दिल्ली के पश्चिम विहार स्थित रेडिशन ब्लू होटल में आयोजित होने जा रहा है। भव्य समारोह में देश के प्रख्यात समाजसेवियों को सम्मानित किया जायेगा। समारोह में मॉडलिंग, कपल वॉक, किड्स वॉक, टैलेंट राउंड, सिंगिंग के अलावा डांसिंग की परफेरमेंस आकर्षण का केंद्र होगी तथा इस अवॉर्ड समारोह में देश के कोने-कोने से प्रतिभाशाली प्रतिभागी शामिल लेंगे।

## दिल्ली-एनसीआर में रविवार को हो सकती है बारिश, पहाड़ों पर बर्फबारी का अनुमान

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर के साथ ही उत्तर भारत में आगे आने वाले दिनों में बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने रविवार 7 मार्च को दिल्ली और आसपास के इलाकों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना जताई है। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने 6 मार्च और 7 मार्च को पंजाब में और 7 मार्च को हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली और पश्चिम उत्तर प्रदेश में अलग-अलग हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना जताई है। और अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। उन्होंने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता 80 फीसदी दर्ज की गई। गौरतलब है कि देशभर के कई इलाकों में बीते कुछ दिनों से तापमान में बढ़ोतरी देखी गई है, इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि आगे आने वाले महीनों में गर्मी लोगों को झुलसाने लगेगी। भुवनेश्वर से लेकर बिहार और दिल्ली तक में तापमान में अप्रत्याशित बढ़ोतरी देखने को मिल रही है, जिसकी वजह से गर्मी बढ़ती जा रही है।

## मुफ्त जमीन मिलने के बावजूद स्कूल निर्माण नहीं कराने पर सरकार से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर के तीन भाई-बहन स्कूल निर्माण के लिए करोड़ों रुपये की जमीन दिल्ली सरकार को मुफ्त देने को तैयार हैं। लेकिन, डेढ़ साल से अधिक वक्त बीत जाने के बाद भी सरकार ने जमीन लेने और स्कूल निर्माण करने के बारे में कोई रुचि नहीं दिखाई है। अब तीनों भाई-बहन ने उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर सरकार को जमीन लेने और उस पर स्कूल बनाने का आदेश देने की मांग की है। न्यायालय ने सरकार को मामले की अगली सुनवाई 30 अप्रैल से पहले जवाब दाखिल करने को कहा है। अग्रवाल ने न्यायालय को बताया कि यह जमीन खाली पड़ी है और इलाके के असामाजिक तत्व उसका बेजा इस्तेमाल कर रहे हैं। तीनों भाई-बहन ने याचिका में कहा है कि वे बिना किसी शर्त के उस जमीन को सरकार को सीनियर सेकेंडरी स्कूल के लिए बहुमंजिला इमारत बनाने के लिए देना चाहते हैं।

## नगर निगम उपचुनाव में हार पर भाजपा की प्रतिक्रिया, 'जो कमी होगी उसे दूर करेंगे'

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के पांच वार्डों में हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को एक भी सीट नहीं मिली। जबकि खराब प्रदर्शन से गुजर रही कांग्रेस एक सीट जीतने में कामयाब हो गई। जिन पांच सीटों पर उपचुनाव हुए थे उनमें भाजपा एक सीट पर काबिज थी। लेकिन वह यह सीट भी बरकरार नहीं रख सकी। वहीं, निगम में विपक्ष की भूमिका निभा रही आम आदमी पार्टी पांच में से चार सीटों पर जीत दर्ज करने में कामयाब रही। उपचुनाव में भाजपा का खाता नहीं खुलने पर पार्टी की तरफसे प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता मीडिया के सामने आए। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी हार का विश्लेषण करेगी। आदेश गुप्ता ने कहा कि हम अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करेंगे और आवश्यक बदलाव करेंगे। लेकिन पार्टी उम्मीदवार को 2705 वोटों से हार मिली। यह सीट भाजपा का मजबूत किला माना जाती थी। अगले साल 2022 में दिल्ली में नगर निगम के चुनाव होने हैं। इसलिए उपचुनाव में मिली हार ने पार्टी की चिंता बढ़ा दी है। इस उपचुनाव में सबसे ज्यादा फायदे में कांग्रेस रही है जबकि भाजपा को निराशा हाथ लगी है।

## गाजीपुर ई-रिक्शा से मां-बेटी गिरी, मासूम का सिर कुचला

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर में बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। चालक की लापरवाही से पांच साल की मासूम बच्ची अपनी मां के साथ तेज रफ्तार ई-रिक्शा से गिर गई। ई-रिक्शा का पिछला पहिया बच्ची शकीना के सिर पर चढ़ने से उसकी मौत हो गई। वहीं, बच्ची की मां रोशनी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी मिल गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी चालक भोपाल आर्या को गिरफ्तार कर लिया है। शकीना परिवार के साथ गाजीपुर डेयरी फार्म के गली नंबर-सात में रहती थी। परिवार में पिता सलाउद्दीन, मां रोशनी, दो बड़े भाई अरमान व एक अन्य और एक बड़ी बहन साईन हैं। परिवार मूल रूप से बिहार के कटिहार जिले स्थित माधोपुर गांव का रहने वाला है। सलाउद्दीन बिरयानी की ठेली लगाते हैं। इस पर रोशनी ने उसे ठीक से चलाने को कहा, मगर वह नहीं माना। आरोपी चालक भोपाल आर्या को गिरफ्तार कर लिया। सलाउद्दीन ने बताया कि शकीना भाई-बहन में सबसे छोटी थी। उससे परिवार के सभी लोग बहुत प्यार करते थे। वह उनसे कहती थी कि आप लोग नहीं पढ़े-लिखे, लेकिन मैं पढ़-लिखकर आप लोगों का सपना पूरा करूंगी।

## दुकान के आगे से स्कूटी हटाने को कहा तो गोली चला दी

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर में दुकान के आगे स्कूटी खड़ी करने से मना करने पर आरोपियों ने दुकानदार पर फायरिंग कर दी। दुकानदार ने झुककर अपनी जान बचाई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पीड़ित 20 वर्षीय सोहैल परिवार के साथ न्यू सीलमपुर में रहता है। सीलमपुर में उसकी फल की दुकान है। सोहैल के अनुसार, दुकान पर उसके साथ उसके बड़े भाई नाजिम व नन्हें भी बैठते हैं। सोमवार रात नाजिम व नन्हें दुकान पर मौजूद थे, तभी सीलमपुर के रहने वाले शादिल, उमर, जतिन व गजनी वहां स्कूटी से पहुंचे। शादिल ने स्कूटी दुकान के आगे खड़ी दी।

# स्कूल के लिए मुफ्त जमीन नहीं लेने पर दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली/एजेंसी।** स्कूल निर्माण के लिए उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर के तीन भाई-बहन करोड़ों रुपये की जमीन दिल्ली सरकार को निशुल्क देने को तैयार हैं, लेकिन डेढ़ साल से अधिक वक्त बीत जाने के बाद भी दिल्ली सरकार ने जमीन लेने और स्कूल निर्माण करने के बारे में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। अब तीनों भाई-बहन ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर सरकार को जमीन लेने और उस पर स्कूल बनाने का आदेश देने की मांग की है। जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह ने इसे गंभीरता से लेते हुए दिल्ली सरकार और शिक्षा निदेशालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने कहा है कि याचिकाकर्ता अनूप सिंह, सतीश कुमार और अनूपी ने अपनी याचिका में अलग तरह की मांग की है और सरकार को उस पर



जल्द से जल्द विचार करना चहिए। कोर्ट ने सरकार को मामले की अगली सुनवाई 30 अप्रैल से पहले जवाब दाखिल करने को कहा है। तीनों भाई-बहन ने याचिका में करावल नगर में अपनी 5000 वर्ग गज जमीन का मालिकाना हक सरकार को देने की इच्छा जाहिर की है ताकि उस पर जल्द से जल्द सीनियर सेकेंड्री स्कूल बनाया जा सके।

याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील अशोक अग्रवाल ने हाईकोर्ट को बताया कि उनके मुवक्किल मंसा राम की संतान हैं और करावल नगर स्थित अपने पिता के मालिकाना हक वाली जमीन सरकार को स्कूल बनाने के लिए देना चाहते हैं। मंसा राम की मौत वर्ष 2009 में हो गई थी। वकील अग्रवाल ने कोर्ट का बताया कि उनके मुवक्किलों ने जमीन का मालिकाना हक सरकार को स्थानांतरित करने के लिए जून, 2019 में ही आग्रह पत्र भेजा था, लेकिन सरकार की ओर से अब तक उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। अग्रवाल ने हाईकोर्ट को बताया कि यह जमीन खाली पड़ी है और इलाके के असामाजिक तत्व उसका बेजा इस्तेमाल कर रहे हैं। तीनों भाई-बहन ने याचिका में कहा है कि वे बिना किसी शर्त के उस जमीन को सरकार को सीनियर सेकेंड्री स्कूल के लिए बहुमंजिला इमारत बनाने के लिए देना चाहते हैं।

अग्रवाल ने कहा कि करावल नगर में सरकारी स्कूल की कमी के चलते हजारों बच्चों निजी स्कूल में पढ़ने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा याचिकाकर्ताओं की मांग पर विचार नहीं करना उन हजारों बच्चों के मौलिक अधिकारों का हनन है जो सरकारी स्कूल में पढ़ना चाहते हैं।

# एमसीडी चुनाव परिणाम कांग्रेस के लिए उम्मीद की किरण



**नई दिल्ली/एजेंसी ।** हाल ही में गुजरात स्थानीय निकाय और नगर निगम चुनावों में हार के बाद, कांग्रेस को एमसीडी उपचुनाव की पांच सीटों में से एक में जीत हासिल कर थोड़ी राहत मिली है। साथ ही पार्टी अब अगले साल सभी 272 वार्डों पर चुनाव की रणनीति तैयार करने को लेकर उत्साहित दिख रही है। चुनाव परिणाम बुधवार को घोषित किए गए। आप ने बुधवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की पांच सीटों पर हुए उपचुनाव में चार में जीत दर्ज कर शानदार प्रदर्शन किया। ये सीट कल्याणपुरी, रोहिणी-सी, शालीमार बाग (उत्तर), और त्रिलोकपुरी हैं। वहीं कांग्रेस ने चौहान बांगर वार्ड से जीत दर्ज की है। पिछले चुनाव में आप ने चार सीटें जीती थीं, जबकि एक सीट भाजपा के पास थी। चौहान बांगड़ वार्ड में कांग्रेस उम्मीदवार चौधरी जुबैर अहमद ने आप उम्मीदवार मोहम्मद इशराक खान को 10,642 मतों से हराया। कांग्रेस नेताओं के अनुसार यह जीत पार्टी के लिए एक उम्मीद की किरण है, क्योंकि चौहान बांगर क्षेत्र में उसके उम्मीदवार ने आप उम्मीदवार को 10,000 से अधिक मतों से हराकर एक शानदार जीत दर्ज की। परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, कांग्रेस के लिए दिल्ली के प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल ने कहा, यह दिल्ली के लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की जीत है। दिल्ली में अन्य पुराने वार्डों में हार के बारे में पूछे जाने पर, कांग्रेस का कहना है कि वह कमियों का आकलन करेगी।

## रक्षा द सेवियर के भव्य समारोह में न्यायाधीश मनु गोयल खरब ने देश की प्रख्यात हस्तियों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** समाजसेवा व राष्ट्रहित में समर्पित प्रख्यात संस्था रक्षा द सेवियर के तत्वावधान में आयोजित भव्य समारोह में मुख्यअतिथि माननीया न्यायाधीश सुश्री मनु गोयल खरब ने विभिन्न संस्थाओं तथा देश की प्रख्यात जानी मानी हस्तियों को उनकी महान सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। रक्षा द सेवियर की संस्थापिका व राष्ट्रीय अध्यक्षा इंदू राजपूत ने नई दिल्ली द्वारका में आयोजित समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से उपस्थित लोगों का स्वागत अभिनन्दन किया। मुख्य अतिथि न्यायाधीश सुश्री मनु गोयल खरब विशिष्ट अतिथि माननीय महेन्द्र लड्डा व भगत चंद्रा एडवोकेट ने समारोह को संबोधित किया। महिला उत्थान व राष्ट्रकल्याण में समर्पित इंदू राजपूत ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदानकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में करीब 45 संस्थाओं व सैंकड़ों लोग शामिल हुए। रक्षा द सेवियर की राष्ट्रीय अध्यक्षा इंदू राजपूत ने कहा कि संस्था का प्रमुख जरूरतमंदों की सेवा, महिला सुरक्षा व राष्ट्रसेवा है। समारोह की सफलता में रक्षा द सेवियर की दिल्ली की रक्षा




परिवार के सदस्य व पदाधिकारियों विकी गांधी, प्रमिला मलिक, एडवोकेट इंदु गर्ग, वंदना जैन, लता जी, भावना चावड़ा, श्रीमती वीणा, एडवोकेट मनोज शर्मा, सविता मिश्रा आदि का प्रमुख सहयोग रहा। माननीय न्यायाधीश मनु गोयल खरब ने रक्षा द सेवियर तथा नारी रत्न से विभूषित इंदू राजपूत द्वारा किये जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों को सराहनीय व समाज के लिए अनुकरणीय बताया।

# विशाल एजु.ट्रस्ट, एआर के फाउण्डेशन व एनी एड. ने किया समारोह का आयोजन

**नई दिल्ली (अ.इ.)।** विशाल एजुकेशनल ट्रस्ट, एआरके फाउण्डेशन व एनी एडवरटाइजिंग के तत्वावधान में स्लम एरिया के बच्चों के उत्थान व विकास के उद्देश्य से देशभक्ति से भरा कार्यक्रम ऐ वतन तेरे लिए का आयोजन किया। कार्यक्रम में स्लम के बच्चों की बेहतरीन प्रस्तुति दी। गली गाँव देहात के नये प्रतिभाओं हुनर को मंच प्रदान किया गया। हिन्द आइकॉनिक अवार्ड 2021 में कोविड 19 के रियल हीरोज डॉक्टर्स को सम्मानित किया गया। संचालन हरविंदर मांकर ने किया। सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट स्टाइलिस्ट आमिर जाकिर के साथ मुख्य अतिथि के तौर पर डॉक्टर अनुरीता वधावन प्रमुख रूप से



शामिल हुई। रेमों एंटरटेनमेंट एजी सील एजुकेशनल सोसाइटी का प्रमुख सहयोग रहा। अश्वथा फूड प्रोडक्ट्स और गोपाल 56 सॉफ्टसोल 7 जी प्रोडक्शन सहयोगी के तौर पर जुड़े हुए थे। एनी एडवर्टाइजिंग के डायरेक्टर आशीष चौधरी ने इस कार्यक्रम में अपनी कम्पनी लांच की जिसका मोटो कास्टिंग काउच फ्री इंडस्ट्री और सही हुनर को मंच देना है। विशिष्ट अतिथि रीता जयरथ, मोहित बजाज, परवीन वर्मा, डॉक्टर गौरव शर्मा, डायना देवी, रेणु लूथरा, राहुल सेवाल, साहिल मनचंदा, मनीशा सिंह, आचार्य मनोज, हरीश चंद्रा, जितेंद्र चावला, प्रिया सिंह, पहलवान नीलम सिंह रहे। शो ओपनर और क्लोजर सेलिब्रिटी नाड जोशी रही। इस अवसर पर एनी एडवरटाइजिंग कम्पनी का लॉन्च किया गया, डायरेक्टर आशीष चौधरी ने बताया कि इसके जरिये मीडिया एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को एक अलग माहौल देंगे।

मुख्य आयोजक नीलिमा ठाकुर, आशीष चौधरी व तसनीम अली के प्रयासों से यह जरूरतमंद समाज व गरीब बच्चों के प्रति भावनाओ से भरा अद्भुत शानदार प्रयास रहा। मॉडलिंग व एनी एडवरटाइजिंग की सभी बच्चों व सेलिब्रिटी के मेकअप और मेकओवर की पूरी जिम्मेदारी कविता जी की रही। अभिषेक वशिष्ठ-कांसेप्ट किंग ने मीडिया कांसेप्ट को मंच पर उतारा।

# प्रख्यात योग प्रशिक्षिका भारती दुगड के नेतृत्व में 'स्वावलंबिका सम्मान' 7 को

**नई दिल्ली (अ.इ.)।**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ई.बी.एस. इंडिया आइएनसी के तत्वावधान में प्रतिष्ठित उद्योगपति अशोक दुगड व देश की प्रख्यात योग प्रज्ञा प्रशिक्षिका भारती दुगड के नेतृत्व में 7 मार्च को 'स्वावलंबिका सम्मान' समारोह का आयोजन किया जा रहा है। हर घर परिवार की जरूरत बन चुकी राष्ट्रीय स्वास्थ्य पत्रिका श्रद्धा की प्रतिमूर्ति मां के घरेलू नुस्खे की प्रधान संपादिका श्रीमती भारती दुगड ने कहा कि पूरे विश्व में महिलाओं ने प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष माननीय रामनिवास गोयल ने मां के घरेलू नुस्खे पुस्तक का विमोचन किया।



अनुभवी श्रीमती भारती दुगड द्वारा लिखित इस स्वास्थ्य पत्रिका में बीमारियों का इलाज सरल व सस्ती है। पुस्तिका में श्रीमती चंपा देवी 60 सालों से आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के सरल उपयोग से स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न बीमारियों व असाध्य बीमारियों का समाधान प्रदान करती है। श्रीमती भारती दुगड़ ने हमारे संवाददाता से संक्षिप्त बातचीत में कहा कि बीमारियों से बचाव में वैज्ञानिक तथ्यों पर प्रमाणित जड़ी बूटियों का उपयोग व महत्व तथा हानिकारक व खतरनाक अंग्रेजी दवाओं पर निर्भरता कम करने प्रति जन जागरूकता अति आवश्यक है। भारती दुगड स्वास्थ्य पत्रिका, सोशल मीडिया, प्रज्ञा योग प्रशिक्षण शिविर व सामूहिक आध्यात्मिक उत्थान सभा आदि कार्यों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महाअभियान स्वस्थ राष्ट्र निर्माण में प्रमुख योगदान प्रदान कर रही हैं।

# विश्व श्रवण दिवस रिपोर्ट में सांकेतिक भाषा पर जोर देने की आवश्यकता

**नई दिल्ली (अ.इ.)।** बधिरों का विश्व संगठन एक ऐसी अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन है जो विश्व के लगभग 70 लाख मूक-बधिर व्यक्तियों के मानव अधिकारों को प्रतिनिधित्व और बढ़ावा देने का काम करती है। यह संगठन, विश्व के 122 देशो की मूक-बधिर संश्थाओ के साथ जुड़ी हुई है। मुखबधिर व्यक्तियों के मानवाधिकार को प्रोत्साहित करना, उनके जीवन के हर क्षेत्र मे सामान्य अभिगम्यता, आत्मनिश्चय, एवं सांकेतिक भाषा का सुलभ करना इस संगठन का लक्ष्य है। एनएडी भी इस संघटन से जुडी हुई है। राष्ट्रीय बधिर संगठन के अध्यक्ष, लेफ्ट मिस्टर ए.एस. नारायणन तथा कार्यकारी निदेशक अनुज जैन ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व श्रवण दिवस हर साल 3 मार्च को मनाया जाता है। डब्ल्यूएचडी वर्ल्ड श्रवण फोरम द्वारा आयोजित किया जाता है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के तहत एक फ़ोरम है। इस वर्ष का विषय 'सभी की देखभाल के लिए



सुनवाई! स्क्रीन, पुनर्वास और संचार करें। विश्व श्रवण पर विश्व रिपोर्ट, विश्व श्रवण दिवस पर घोषित की जाएगी। इस रिपोर्ट मे सांकेतिक भाषा को कोई मान्य नहीं दिया गया है। इस रिपोर्ट के लिए बधिरों का विश्व संगठन ने निम्नलिखित सुझाव दिए है। दिए गए सुझावों के तहत (डब्ल्यूएचओ) को सांकेतिक भाषाओ को बढ़ावा देना चाहिए। पूर्व हस्तक्षेप, जन्म के समय से सांकेतिक भाषा का इस्तेमाल एक मौलिक मानव अधिकार है। मूक-बधिर व्यक्तियों से सम्भंदित नीतियों के निर्माण मे मुखबधिर व्यक्तियों की भाग्यदारी महत्वपूर्ण है। हर प्रकार की सेवा मे सांकेतिक भाषा को मान्यता देना एवं उसका इस्तेमाल करना महत्वपूर्ण है। सांकेतिक भाषा के ज्ञान की प्राप्ति मुखबधिर बच्चों एवं उनके परिवारों का अधिकार है। हमारी भारत सरकार से हमारी सिफ़ारिश है कि भारतीय सांकेतिक भाषा को राज भाषा की मान्यता दे। तथा जनसंख्या जनगणना 2021 मे भारतीय सांकेतिक भाषा को मात्र भाषा के विकल्पों मे शामिल करें। मुखबधिर बच्चों के पुनर्वास एवं शिक्षा मे सांकेतिक भाषा का इस्तेमाल महत्वपूर्णता के साथ हो।

## सर्व ब्राह्मण महासभा का वृन्दावन में वेदांग महोत्सव 16 को : आचार्य पं.रामकुमार शर्मा




**नई दिल्ली (अ.इ.)।** सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य पंडित राम कुमार शर्मा ने बताया कि श्री संकट मोचन योग अनुसंधान संस्थान, वृन्दावन एवं सर्व ब्रह्मण महासभा के तत्वावधान में योग कुम्भ वृन्दावन-2021 के अंतर्गत 16 मार्च मंगलवार को वेदांग महोत्सव का आयोजन किया गया है। श्री राम मंदिर भूमि पूजन के मुख्य आचार्य पं. गंगाधर पाठक के पावन सानिध्य में वेद के छः अंगों पर वैदिक विद्वानों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। वेदांग महोत्सव वृन्दावन को देशवासियों में संस्कारित व आध्यात्मिक जागरूकता प्रदान कर रहा प्रतिष्ठित पंजीकृत संस्था सर्व ब्राह्मण महनसभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विद्वान शुभेश शर्मन का भी मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आचार्य पंडित राम कुमार शर्मा ने कहा 'वेद' व 'गीता' विश्व मानव समाज के लिए पावन लाभकारी है। वेद विश्व के प्रमुख वैज्ञानिकों द्वारा वैज्ञानिक तथ्यों पर प्रमाणित है। आचार्य शर्मा ने कहा कि विश्वशांति तथा राष्ट्रीय सांस्कृतिक एकता व सुरक्षा के लिए सभी बच्चों में वैदिक शिक्षा व संस्कार अति आवश्यक है।

## आइपीएस आई.डी. शुक्ला को दिल्ली सीपी सिक्योरिटी बनाये जाने पर स्वामी चक्रपाणि ने किया अभिनंदन

**नई दिल्ली (अ.इ.)।**

पुलिस पदक से सम्मानित व उत्कृष्ट कर्तव्यपरायणता की प्रतिमूर्ति आइपीएस डॉ. आई.डी. शुक्ला को दिल्ली सीपी सिक्योरिटी बनाये जाने पर अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि जी महाराज अभिनंदन किया व नागरिक सुरक्षा व देश की सेवा में उच्च सफलता का शुभ आशीर्वाद प्रदान किया। सर्वथा योग्य व निष्पक्षता उच्चाधिकारी का सीपी सिक्योरिटी नियुक्त किया जाना देश की राजधानी दिल्ली व देशहित में अति सराहनीय और मंगलकारी है। इस अवसर पर संत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज ने आईडी शुक्ला से मुलाकात कर हिंदू सनातन पद्धति के अनुसार पगड़ी पटका पहनाकर उनका भव्य अभिनंदन



किया। स्वामी जी ने शुक्ला जी के उच्चतम धैर्य व अदम्य साहस तथा नागरिकों को सम्मान व सुरक्षा की अनेक घटनाओं को याद कर देश सेवा के किए गए कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उन्हें आगामी दायित्व के निर्वहन हेतु अपना आशीर्वाद प्रदान किया। स्वामी जी ने संवाददाताओं से कहा कि श्री आईडी शुक्ला जी कर्तव्यपरायण, निष्ठावान, सिद्धांतवादी, निष्पक्ष व महान व्यक्तित्व के धनी हैं। शुक्ला जी उच्चाधिकारी होकर भी संत स्वभाव के हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता वी.के. शर्मा हनुमान जी ने कहा कि स्वामी जी ने आइपीएस शुक्ला से शिष्टाचार मुलाकात कर अपराधों पर रोक व महिला सुरक्षा पर परिचर्चा की।

## बीड़ी देने से मना करने पर चाकू घोपा

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के कल्याणपुरी में बीड़ी देने से मना करने पर दो युवकों ने एक युवक को चाकू घोप दिया। घायल 20 वर्षीय भगत सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने सोमवार को केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। पीड़ित भगत सिंह परिवार के साथ कल्याणपुर के ब्लॉक-21 में रहता है। वह पेशे से चालक है। भगत अपने घर के बाहर मौजूद था। तभी इलाके में रहने वाले इशू व डस्सी पहुंचे और भगत से बीड़ी मांगने लगे। भगत ने बीड़ी होने से मना किया तो दोनों भड़क गए। इस दौरान आरोपियों ने भगत पर चाकू से हमला कर दिया और पेट व कमर के बीच में तीन बार चाकू मारा। वारदात के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए। घायल भगत को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में भर्ती कराया गया।